# हाईवे पर अनियंत्रित ट्रक पुलिया से नीचे पलटा

▸ भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर आए दिन हो रहे हादसे

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 14 जुलाई. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर भदभदा के पास सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे पलट गया. हादसा सड़क के तीखे मोड़ पर हुआ, जहां चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक सड़क से नीचे जा गिरा.**



दुर्घटना में ट्रक चालक और क्लीनर को मामूली चोटें आईं. स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला. सूचना मिलते ही संबंधित पुलिस और प्रशासनिक अमला घटनास्थल पर पहुंचा तथा स्थिति का जायजा लिया.

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे का कारण तेज रफ्तार और मोड़ पर वाहन का संतुलन बिगड़ना बताया जा रहा है. गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई. हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया.

### हाईवे से गुजरते हैं लगभग 10 हजार छोटे-बड़े वाहन

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है. इस मार्ग से प्रतिदिन लगभग 10 हजार छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिनमें करीब 200 यात्री बसें भी शामिल हैं. विदिशा, रीवा, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, बीना, ललितपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ और इंदौर जाने वाली चार्टर्ड बसें तेज रफ्तार से गुजरती हैं। इसके अलावा भोपाल-विदिशा मार्ग पर चलने वाली बसें, डंपर, ईंट ढोने वाले 407 वाहन तथा डीजल टैंकर भी तेज गति से चलते हैं, जिससे इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं.

### शीघ्र हो 4 लेन, तभी हादसों में आएगी कमी

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं. लगातार हो रही दुर्घटनाओं के कारण अब इस सड़क को लोग 'खूनी सड़क' भी कहने लगे हैं. वहीं सलामतपुर, दीवानगंज, बालमपुर और बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस स्टेट हाईवे को 4 लेन करने की मांग शासन-प्रशासन से की है. गौरतलब है कि भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर पिछले एक वर्ष में लगभग 100 सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें 25 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है. सलामतपुर और सूखी सेवनिया पुलिस भी लगातार हो रही इन दुर्घटनाओं के कारण परेशान है, क्योंकि दोनों थानों में पुलिस बल की संख्या पर्याप्त नहीं है. सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थानों में स्टाफ की कमी हो जाती है, जिससे वहां आने वाले फरियादियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है. स्थानीय ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से स्टेट हाईवे-18 को शीघ्र 4 लेन करने की मांग की है.

### इनका कहना है

हाईवे-18 को 4 लेन करने से हादसों में कमी आ सकती है. सड़क संकरी होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय रहवासी शासन-प्रशासन से हाईवे-18 को शीघ्र 4 लेन करने की मांग कर रहे हैं.

**कालूराम मीणा,**
सरपंच, ग्राम पंचायत खोहा.

हाईवे-18 को 4 लेन करने से हादसों में कमी आएगी. सड़क के दोनों किनारों की मरम्मत भी कराई जानी चाहिए, जिससे दोनों ओर लगभग 5-5 फीट अतिरिक्त जगह मिल सके. स्थानीय रहवासी लंबे समय से शासन-प्रशासन से हाईवे-18 को शीघ्र 4 लेन करने की मांग कर रहे हैं.

**मूलचंद यादव,**
पूर्व सरपंच, सलामतपुर

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी रिश्ते का भाई गिरफ्तार

**बेगमगंज, 14 जुलाई.** एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका से उसके ही मामा के पुत्र द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है. नाबालिग के गर्भवती होने के बाद इसका खुलासा हुआ. बालिका के माता-पिता ने दर्ज रिपोर्ट कराई. पुलिस ने आरोपी रिश्ते के भाई को गिरफ्तार कर लिया.पुलिस के अनुसार ग्राम निवासी एक 17 वर्षीय बालिका कुछ माह पहले अपने मामा के घर गई थी. तभी मामा के पुत्र ने मौका पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था . घटना का खुलासा 4 माह के बाद तब चला जब बालिका के पेट में दर्द होने पर उसकी मां एवं पिता उसको लेकर सिविल अस्पताल डॉक्टर को दिखाने आए. तब डॉक्टर ने बताया कि बालिका को तीन माह का गर्भ है. इसके बाद मां-बाप ने बालिका से जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने मामा के पुत्र की करतूत मां-बाप को बताई .बालिका की रिपोर्ट पर बेगमगंज पुलिस ने पॉस्को एक्ट एवं दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मामला जीरो पर कायम कर संबंधित थाने को भेज दिया है. पुलिस द्वारा आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है.

# युवक को बंधक बनाकर पीटने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

▸ पीड़ित युवक ने परिजनों को घटना के संबंध में बताया और उनके साथ
▸ थाने आकर मामला दर्ज कराया

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 14 जुलाई. सोमवार की सुबह करीब 8 बजे एक 25 वर्षीय युवक को 4 युवकों ने घर से बुलाकर एक आरोपित के घर में दिन भर बंधक बनाकर रखते हुए अड़ीबाजी कर शराब के लिए पैसे मांगे नहीं देने पर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की. करीब शाम 6 बजे बमुश्किल उसको छोड़ा तो पीड़ित युवक ने परिजनों को घटना के संबंध में बताया और उनके साथ थाने आकर मामला दर्ज कराया.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर के श्यामनगर निवासी 4 आरोपित संदीप लोधी , कुलदीप लोधी , राघव लोधी एवं साहब लाल अठ्या के द्वारा सोमवार की सुबह करीब 8 बजे 25 वर्षीय युवक अरुण श्रीधर पिता वृन्दावन श्रीधर निवासी श्यामनगर बेगमगंज को सुबह करीब 8 बजे उसके घर से बुलाया और संदीप लोधी के श्यामनगर स्थित सूने घर पर ले गए और उसको वहीं पर बंधक बनाकर दिन भर अड़ीबाजी करते हुए बेरहमी से लाठी , बेल्ट से पीटा जिससे पीड़ित अरुण श्रीधर के पुट्ठों , जांघो एवं पीठ की खाल बुरी तरह से उधड़ गई और नील पड़ गए. जैसे -तैसे शाम करीब 6 बजे आरोपितों ने पीड़ित युवक अरुण श्रीधर को छोड़ा तो उसने घटना का सारा किस्सा परिजनों को बताया और थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई.

थानाप्रभारी राजीव उइके ने बताया कि फरियादी अरुण श्रीधर की रिपोर्ट पर आरोपित संदीप लोधी , कुलदीप लोधी राघव लोधी एवं साहब लाल अठ्या के खिलाफ बंधक बनाने , अड़ीबाजी कर शराब के लिए पैसे मांगने ओर बेरहमी से मारपीट करने इत्यादि सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्जकर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है.

# जिला अस्पताल में दस्तक अभियान का किया शुभारंभ

▸ जिले में 14 जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा दस्तक अभियान

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 14 जुलाई. जिला अस्पताल में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी तथा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन द्वारा दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि जिले में 14 जुलाई से 31 अगस्त तक चलने वाले दस्तक अभियान के प्रथम चरण में स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर जाकर 0-5 साल तक के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी.**



इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 0-5 साल तक के बच्चों में होने वाली गंभीर बीमारियों जैसे डायरिया, निमोनिया, एनीमिया और कुपोषण की पहचान कर उनका त्वरित उपचार सुनिश्चित करना है. इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी मिलकर कार्य करें और कोई भी लक्षित बच्चा छूटे नहीं, यह सुनिश्चित कराएं.

कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से घर-घर दस्तक देकर 0-5 वर्ष तक के बच्चों को दस्त की रोकथाम हेतु ओरआरएस जिंक का वितरण, विटामिन-ए का अनुपूरण, कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उपचार, आयरन सिरप का सेवन एवं मौसमी बीमारियों का चिन्हांकन और उचित उपचार किया जाएगा. कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सिविल सर्जन डॉ अनिल ओढ, जिला टीकाकरण अधिकारी सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे.

# रातातलाई में सड़क की बदहाली पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

▸ सांची मार्ग पर कलेक्ट्रेट के सामने चक्काजाम

**रायसेन, 14 जुलाई.** जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम रातातलाई के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया. सुनवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय के सामने सांची मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा.



सूचना मिलते ही कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं. ग्रामीणों ने बताया कि वे जनसुनवाई में सड़क निर्माण की मांग को लेकर अब तक करीब 18 आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है. उनका कहना था कि बारिश के दिनों में सड़क की हालत अत्यंत खराब हो जाती है, जिससे बच्चों को स्कूल आने-जाने और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. कलेक्टर ने ग्रामीणों को शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया और चक्काजाम समाप्त कराया. साथ ही उन्होंने एसडीएम को ग्रामीणों के साथ मौके पर जाकर सड़क का निरीक्षण करने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया.

# झुंडखो में अवैध शराब बिक्री के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन



▸ शराब बेचने वाले के घर के सामने की नारेबाजी

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 14 जुलाई. सांची विकासखंड के ग्राम झुंडखो में अवैध शराब की बिक्री से परेशान ग्राम भरतीपुर की महिलाओं ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया. महिलाओं ने गांव में कथित रूप से अवैध शराब बेचने वाले व्यक्ति के घर के सामने पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और अवैध शराब की बिक्री तत्काल बंद कराने की मांग की.**

प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि गांव में लंबे समय से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है, जिससे सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है. उनका आरोप है कि शराब के कारण आए दिन लड़ाई-झगड़े और विवाद की घटनाएं होती रहती हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

महिलाओं ने पुलिस को आवेदन देकर गांव में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने तथा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि गांव में शांति और सुरक्षित वातावरण बना रहे.

## पर्यटन क्विज हेतु 25 जुलाई तक किए जा रहे हैं पंजीयन

**रायसेन, 14 जुलाई.** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से विद्यार्थियों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ष 2016 से निरंतर पर्यटन क्विज का आयोजन किया जा रहा है. समस्त जिलों में एक साथ, एक ही तिथि को किया जाता है.

# तांत्रिक क्रिया के दौरान विजय जैन की हत्या

▸ तीन आरोपी गिरफ्तार

**गैरतगंज, 14 जुलाई. रायसेन जिले के गैरतगंज में गुमशुदा विजय जैन हत्याकांड का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार, गड़ा हुआ धन (दफीना) पाने की लालच में तांत्रिक अनुष्ठान के दौरान विजय जैन की बलि देकर हत्या की गई थी.**

पुलिस के मुताबिक 9 जुलाई 2026 को विजय जैन (42) के लापता होने की सूचना पर थाना गैरतगंज में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की गई.

थाना प्रभारी डी.पी. लोहिया के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और परिचितों से पूछताछ के आधार पर जांच आगे बढ़ाई. 13 जुलाई को ग्राम परासिया के पास नदी किनारे मिट्टी में दबा शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान कपड़ों, चप्पलों, मोबाइल फोन और बाईं कृत्रिम आंख के आधार पर विजय जैन के रूप में हुई. जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने प्रहलाद साहू से पूछताछ की, जिसने हत्या की साजिश का खुलासा कर दिया. आरोपी ने बताया कि वह तांत्रिक क्रियाएं करता था और करीम खान तथा टीकम साहू के साथ मिलकर दफीना निकालने की योजना बना रहा था.

तीनों आरोपियों ने 7 जुलाई को विजय जैन को मोटरसाइकिल से परासिया नदी किनारे ले जाकर तांत्रिक अनुष्ठान किया.

# जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

▸ अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

**रायसेन, 14 जुलाई.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए. कलेक्टर ने जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों से उनकी समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए संबंधित मामलों का निराकरण किया. कुछ प्रकरणों में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए. उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता और गंभीरता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े. जनसुनवाई में लगभग 104 आवेदन प्राप्त हुए. इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे.



## प्राचार्यों को दिए बेहतर परीक्षा परिणाम के निर्देश

**रायसेन, 14 जुलाई.** डाइट भवन में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिले के शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा करते हुए आगामी सत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने को लेकर चर्चा की गई. कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता विद्यालय, शिक्षक और अभिभावकों की संयुक्त जिम्मेदारी है.

# धैर्यपूर्वक किया गया कार्य ही सफलता दिलाता है

**उदयपुरा, 14 जुलाई. निकटवर्ती एनएच-45 स्थित श्री चकरी बाबा आश्रम में 'संत ग्रंथ संदेश मानस यात्रा' के आगमन पर आश्रम प्रमुख सदानंद ब्रह्मचारी जी महाराज ने आश्रम की परंपरा के अनुसार यात्रा में पधारे विद्वानों का तिलक लगाकर स्वागत किया. मानस ग्रंथ का पूजन कैलाश दुबे शास्त्री ने संपन्न कराया.**

इस अवसर पर आयोजित सत्संग सभा में नर्मदा प्रसाद रामायणी ने रामचरितमानस के धनुष यज्ञ प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम अपने गुरुजनों एवं श्रेष्ठजनों के निर्देशों का सदैव पालन करते थे. गुरु विश्वामित्र की आज्ञा एवं शुभ समय के संकेत पर ही उन्होंने भगवान शिव का धनुष तोड़कर राजा जनक की प्रतिज्ञा पूर्ण की और माता सीता का वरण किया. उन्होंने कहा कि धैर्य, अनुशासन और उचित समय पर किया गया कार्य ही सफलता प्रदान करता है. इस अवसर पर कुंवरलाल रामायणी, अमरनाथ बिल्थरिया एवं योगेश पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए. राष्ट्रीय कवि गोविंद गोदानी ने माता रानी की महिमा पर स्वरचित भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया.

यात्रा संयोजक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता चतुरनारायण रघुवंशी ने बताया कि मानस यात्रा का उद्देश्य सत्संग, सेवा और सुमिरन के माध्यम से समाज एवं वातावरण को आध्यात्मिक रूप से परिशुद्ध बनाने का एक विनम्र प्रयास है. कार्यक्रम के अंत में मानस ग्रंथ की मंगल आरती की गई. इसमें समाजसेवी डॉ. देवेंद्र धाकड़, सरपंच गोकल सिंह, सुमेर सिंह राजपूत, डी.पी. पाठक, नर्मदा प्रसाद रघुवंशी, पूर्व शिक्षक ओंकार सिंह, राजकिशोर कौरव, बलवान सिंह राजपूत, भरत सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में मानस प्रेमियों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया.

**मांग** ▸ नदी पर निर्मित पुल की औसत ऊंचाई, नर्मदा पर बने अन्य पुलों की

# बौरास नर्मदा घाट पुल की ऊंचाई बढ़ाई जाए

अशोक साहू, नवभारत

**उदयपुरा, 14 जुलाई. ऐतिहासिक विलीनीकरण आंदोलन स्थल ग्राम बौरास नर्मदा नदी के किनारे बसा हुआ है. इस ऐतिहासिक स्थल पर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नर्मदा नदी पर निर्मित पुल की औसत ऊंचाई, नर्मदा पर बने अन्य पुलों की तुलना में कम है.**

यही कारण है कि बारिश के दौरान नर्मदा में बाढ़ आने पर यह पुल पूरी तरह जलमग्न हो जाता है, जिससे गैरतगंज से गाडरवारा तक का आवागमन बाधित हो जाता है.



तेज बारिश के दौरान बौरास के नर्मदा पुल पर अक्सर 9 से 10 फुट तक पानी आ जाता है, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है. नर्मदा जैसी विशाल नदी पर इतनी कम ऊंचाई का पुल बनाए जाने का औचित्य आज भी एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है.

क्षेत्र की जनता की राज्य सरकार से पुरजोर मांग है कि बौरास के नर्मदा पुल की ऊंचाई होशंगाबाद के नर्मदा पुल के समान बढ़ाई जाए, ताकि वर्षा ऋतु में अनावश्यक रूप से आवागमन बाधित न हो और लोगों को बार-बार होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके.

## तीन बच्चों के पिता ने जहर खाया , मौत

**बेगमगंज, 14 जुलाई.** सोमवार की शाम को ग्राम बर्री कलां में एक 35 वर्षीय युवक ने पत्नी से विवाद होने के बाद जहर खाकर आत्महत्या कर ली.पुलिस ने मामला दर्जकर जांच में लिया. पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम बर्री कलां निवासी भगवान दास प्रजापति का पुत्र कमोद प्रजापति ट्रक चालक था , लेकिन पैरालिसिस होने के बाद उसने गांव में ही एक छोटी-सी किराने की दूकान खोल ली थी और अपनी पत्नी और तीन बच्चों सहित गुजर -बसर कर रहा था.

कमोद प्रजापति का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो उसने गुस्से में आकर घर में ही जहर खा लिया .

# सिलवानी के दो आरक्षकों को मिली पदोन्नति

**सिलवानी, 14 जुलाई. पुलिस विभाग में पदोन्नति के क्रम में सिलवानी क्षेत्र के दो आरक्षकों को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है. सिलवानी थाना में पदस्थ आरक्षक विनोद रघुवंशी तथा एसडीओपी कार्यालय सिलवानी में पदस्थ आरक्षक राघवेंद्र धुर्वे को आरक्षक पद से पदोन्नत कर प्रधान आरक्षक बनाया गया है.**



दोनों पुलिसकर्मियों की पदोन्नति पर पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. उनके लंबे समय से किए जा रहे कर्तव्यनिष्ठ एवं उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए यह पदोन्नति विभाग द्वारा प्रदान की गई है. क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने भी दोनों नवनियुक्त प्रधान आरक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर पुलिस विभाग की गरिमा को और अधिक बढ़ाएंगे.